>

Title: Need to lay a new railway line on Ratlam-Banswara-Dungarpur section- laid

**श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा):** वित्तीय वर्ष 2020-21 का आम बजट संसद में पेश किया गया, इस बजट में रेलवे के लिए कई बड़े ऐलान किये गये हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने यह भी कहा कि रेलवे की कमाई बहुत कम है इसलिए सौर ऊर्जा तैयार करने के लिए रेलवे की जमीन का इस्तेमाल किया जाएगा।

आदरणीय वित्त मंत्री जी ने बजट में कहा कि तेजस जैसी और ट्रेनें चलाई जाएगी, तेजस ट्रेन के जरिये पर्यटन स्थलों से जोड़ा जाएगा, 550 रेलवे स्टेशनों पर वाई-फाई की सुविधा उपलब्ध है।

रेल बजट 2020 में प्रसिद्ध स्थलों को जोड़ने के लिए तेजस जैसी ट्रेनें और 27 हजार कि०मी० रेलवे ट्रैक का इलेक्ट्रीफिकेशन किया जाएगा। इस आम बजट 2020 में रेलवे को नई ऊचाइयों पर ले जाने, नई ट्रेनें चलाने, नए रेलवे ट्रैक बनाने और इलेक्ट्रीफिकेशन आदि की कई महत्वपूर्ण घोषणायें की गई हैं।

इसी कड़ी में मैं सरकार का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र डूंगरपुर-बॉसवाडा जो कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, उसकी ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि इस क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित मांग रतलाम-बॉसवाडा-डूंगरपुर स्वतंत्रता के 70 वर्षों बाद भी पूरी होने का सपना ही देख रही है। आदिवासी क्षेत्र के लोग हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय रेल मंत्री जी से इसे पूरी होने की उम्मीद रखते हैं।

अगर रतलाम बॉसवाडा-डूंगरपुर नई रेल लाइन योजना को मूर्त रूप देंगे तो आदिवासी क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के नये आयाम

स्थापित होंगे। यहाँ के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, नये-नये उद्योग, मिलें, फैक्ट्रियां स्थापित होगी एवं अहमदाबाद, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आने-जाने में सुविधा मिलेगी।